आवासीय योजना मांगरोल, जिला बारां

बारां जिले में मांगरोल–किशनपुरा रोड पर स्थित आवासीय योजना हेतु, राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा वर्ष 2005–06 में पंजीकरण खोले गये थे। इस पंजीकरण योजना में प्राप्त आवेदन पत्रों के विरूद्ध वर्ष 2007 से 2015 के मध्य विभिन्न आय वर्गो के कुल 244 आवासों का निर्माण किया गया था। इनमें से 02 आवासों का भौतिक कब्जा आवंटियों को सम्भलाया जा चुका है तथा 239 आवासों को लागत में छूट के साथ ई–आक्शन प्रणाली के माध्यम से निस्तारित किया जा रहा है। उक्त आवासीय योजना मांगरोल कस्बे से सटी हुई है तथा बस स्टेण्ड से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मांगरोल कस्बे मे चिकित्सा सुविधायें व पुलिस थाने की सुविधा भी उपलब्ध है।